# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### फरवरी-अप्रैल, 2008 सत्र

### गुरुवार, दिनांक 21 फरवरी, 2008

### तारांकित प्रश्नोत्तर

कोटा नगर पंचायत को स्वीकृत राशि

1. (*क्र. 448) **डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बिलासपुर जिले के कोटा नगर पंचायत को वर्ष 2006-2007 में शासन द्वारा किन-किन कार्यों के लिये, कितनी-कितनी राशि, कब-कब जारी की गई ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : बिलासपुर जिले के कोटा नगर पंचायत को वर्ष 2006-07 में शासन द्वारा जारी की गई राशि की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

प्रदेश में कार्यरत संविदा चिकित्सकों को प्रदत्त वेतन/मानदेय

2. (*क्र. 470) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कितने संविदा चिकित्सक कब से कार्यरत हैं ? संविदा चिकित्सकों को कितना वेतन अथवा मानदेय दिया जा रहा है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : संचालनालय, स्वास्थ्य सेवाएँ के अंतर्गत 369 संविदा चिकित्सक राज्य गठन के उपरांत संविदा नियुक्ति नियम बनने के पश्चात् कार्यरत हैं. प्रतिमाह रुपये 15,000/- समेकित वेतन संविदा चिकित्सकों को दिया जा रहा है. इसी प्रकार संचालनालय, भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी के अंतर्गत आदिवासी जिलों में 2003 से एवं गैर आदिवासी क्षेत्रों के जिलों में 2007 से कुल 288 संविदा चिकित्सक कार्यरत हैं. आदिवासी क्षेत्रों में इन चिकित्सकों को रुपये 15,000/- एवं गैर आदिवासी क्षेत्रों में रुपये 13,000/- प्रतिमाह समेकित वेतन दिया जा रहा है. संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा के अंतर्गत 83 संविदा चिकित्सक कार्यरत हैं. इन्हें कब से कितना वेतन दिया जा रहा है, इसका पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर अवलोकन करें.

प्रदेश में सहायक प्राध्यापकों/प्राध्यापकों के स्वीकृत एवं रिक्त पद

3. (*क्र. 180) **श्री निर्मल सिन्हा :** क्या राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में सहायक प्राध्यापकों, प्राध्यापकों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं ? स्वीकृत के विरुद्ध कितने कार्य कर रहे हैं ? (ख) स्वीकृत पदों में विभिन्न वर्गों के लिए कितने-कितने पद आरक्षित हैं तथा आरक्षित पदों के विरुद्ध कितने-कितने पद रिक्त हैं ? रिक्त पदों की पूर्ति कब तक की जाएगी ?

**राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के 2170 एवं प्राध्यापक के 340 पद स्वीकृत है. सहायक प्राध्यापक 1341 तथा 02 प्राध्यापक कार्यरत है. सूची पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''अ'' एवं ''ब'' पर है. (ख) स्वीकृत पदों में विभिन्न वर्गों के निम्नानुसार पद आरक्षित है :-

| क्रमांक | पदनाम | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक प्राध्यापक | 149 | 121 | 79 |
| 2. | प्राध्यापक | 49 | 63 | 40 |

पद पूर्ति हेतु मांग पत्र लोक सेवा आयोग को भेजा गया है. समय-सीमा बताना संभव नहीं.

---

† परिशिष्ट ''एक''

शासकीय चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की पूर्ति

4. ( *क्र. 132) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में 30 बिस्तर से अधिक क्षमता के कितने शासकीय चिकित्सालय संचालित हैं ? (ख) जांजगीर-चांपा जिले के शासकीय चिकित्सालयों में कुल कितने विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं उसके विरुद्ध कितने पद खाली हैं ? नियुक्ति कब तक की जावेगी ? चिकित्सालयवार जानकारी दें ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) प्रदेश में 30 बिस्तर से अधिक क्षमता के 26 शासकीय चिकित्सालय संचालित हैं. (ख) 44 विशेषज्ञ चिकित्सक के पद स्वीकृत हैं. उसके विरुद्ध 36 पद खाली है. यथासंभव शीघ्र. † संलग्न परिशिष्ट अनुसार.

नगरों को झुग्गी मुक्त करने हेतु आवास योजना का क्रियान्वयन

5. ( *क्र. 474) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या राज्य के प्रमुख नगरों को झुग्गी मुक्त करने के लिए आवास योजना (नेहरू शहरी नवीनीकरण मिशन) के तहत केन्द्र शासन से राशि स्वीकृत हुई है ? यदि हां, तो कितनी और किन शहरों के लिए ? (ख) कंडिका (क) का कार्य संपादन करने के लिए कंसलटेंसी एवं टेण्डर प्रक्रिया हेतु किस कंपनी से एम.ओ.यू. हुआ है और कब ? (ग) कंडिका (ख) की कंपनी का चयन किस आधार पर किया गया ? इस कंपनी का सालाना टर्न ओव्हर क्या है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) जी हां. जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन (JNNURM) के अंतर्गत आवास योजना के तहत स्वीकृत राशि एवं शहर के नाम †† संलग्न परिशिष्ट के अनुसार है. (ख) निम्नांकित निकायों द्वारा हिन्दुस्तान प्रीफेब लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम, आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय के अधीन) जंगपुरा नई दिल्ली से एम.ओ.यू. किया है.

| **निकाय का नाम** | **एम.ओ.यू. का दिनांक** |
|---|---|
| नगर पालिक निगम, रायपुर | 20-08-2007 |
| नगर पालिक निगम, बिलासपुर | 30-08-2007 |
| नगर पालिका परिषद्, डोंगरगढ़ | 18-10-2007 |

(ग) केन्द्र सरकार की सलाह पर भारत सरकार के तीन सार्वजनिक उपक्रमों (हुडको, एनबीसीसी एवं हिन्दुस्तान प्रीफेब लिमिटेड) में से हिन्दुस्तान प्रीफेब लिमिटेड (एच.पी.एल.) की न्यूनतम दर होने से चयन किया गया. टर्न ओव्हर के बारे में जानकारी एच.पी.एल. से मांगी गई है.

ब्लड बैंक के पंजीयन हेतु नियम एवं शर्तें

6. ( *क्र. 253) **डॉ. चेतन वर्मा :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) ब्लड बैंकों के पंजीयन के लिए क्या-क्या नियम एवं शर्तें हैं ? प्रदेश में पंजीकृत एवं अपंजीकृत ब्लड बैंकों की जिलेवार संख्या बतावें ? (ख) क्या ब्लड बैंकों के कार्यों के नियंत्रण हेतु प्रदेश एवं जिला स्तर में कोई निगरानी समिति है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" अनुसार. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" अनुसार. (ख) जी नहीं.

नलकूप खनन तथा मरम्मत/अनुरक्षण में व्यय राशि

7. ( *क्र. 332) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले में 01 नवंबर, 2007 से 31 जनवरी, 2008 तक कितने नलकूपों का खनन किया गया ? कितने सफल एवं कितने असफल है ? (ख) रायपुर जिले में उक्तावधि में विशेष मरम्मत/अनुरक्षण मद से कितने हैंडपंप की मरम्मत कितने लागत से की गई ? (ग) उक्त मद में खर्च हेतु वित्तीय वर्ष

---

† परिशिष्ट "दो" †† परिशिष्ट "तीन"

2007-08 में कितनी राशि रायपुर जिले में आवंटित की गई ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप ) : (क) रायपुर जिले में 01 नवम्बर 2007 से 31 जनवरी 2008 तक 453 नलकूपों का खनन किया गया. 396 नलकूप सफल एवं 57 असफल है. (ख) उक्त अवधि में 3006 हैंडपंप की मरम्मत रु. 13.10 लाख की लागत से की गई. (ग) अनुरक्षण मद में खर्च हेतु वित्तीय वर्ष 2007-08 में रुपये 88.40 लाख की राशि आवंटित की गई.

परसापाली में अस्पताल भवन हेतु आवंटित राशि

8. ( *क्र. 364) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या परसापाली विकासखंड में (बिलाईगढ़) अस्पताल भवन पूर्ण हो गया है, यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो कब तक पूर्ण होगा ? (ख) उक्त भवन निर्माण हेतु शासन/विभाग द्वारा कितनी राशि आवंटित की गई ? कितनी खर्च हुई तथा कितनी शेष है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) जी हां. दिनांक 07-09-2006. (ख) रुपये 05 लाख की राशि आवंटित की गई. सम्पूर्ण राशि खर्च हो गई.

राजनांदगांव जिले में खनित बोर एवं स्थापित हैण्डपंप

9. ( *क्र. 478) **श्री रजिन्दर पाल सिंह भाटिया :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले की छुरिया, चौकी, डोंगरगांव विकासखण्डों में कितने हैण्डपंप हेतु बोर (उत्खनन) वर्ष 2007 में किये गये थे ? ग्रामवार, विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) उपरोक्त बोर में कितनों पर हैण्डपंप सेट लगाए गए ? ग्रामवार जानकारी देवें ? (ग) कितने बोर पर हैण्डपंप सेट नहीं लगे ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप ) : (क) राजनांदगांव जिले की छुरिया, चौकी, डोंगरगांव विकासखण्डों में वर्ष 2007 में हैण्डपंप हेतु 363 नग बोर (नलकूप) खनन किये गये. ग्रामवार, विकासखण्डवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''अ'' अनुसार. (ख) उपरोक्त 305 सफल बोर में से 268 बोर में हैण्डपंप सेट लगाये गये. ग्रामवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''अ'' अनुसार. (ग) सफल 37 बोर (नलकूप) पर हैण्डपंप सेट नहीं लगे हैं. विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''अ'' अनुसार.

गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों का सर्वेक्षण

10. ( *क्र. 240) **श्री धनेन्द्र साहू :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले की गोबरा-नवापारा नगर पालिका क्षेत्र में कितने परिवारों को 3.00 रु. प्रति किलो चावल प्रदाय वाला राशन कार्ड जारी किया गया है ? (ख) वर्ष 2007-08 में कितने नए परिवार ''गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने'' वाले परिवार के रूप में सर्वेक्षित किए गए हैं ? इन परिवारों को राशन कार्ड कब तक दिया जावेगा ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) रायपुर जिले की गोबरा-नवापारा नगर पालिका क्षेत्र में 4508 परिवारों को 3.00 रु. प्रति किलो चावल प्रदाय वाला राशन कार्ड जारी किया गया है. (ख) वर्ष 2007-08 में गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों का सर्वेक्षण कार्य प्रक्रियाधीन है. सूची जारी होने के बाद राशन कार्ड दिया जा सकेगा.

अवैध संचालित पैथोलेब की संख्या

11. ( *क्र. 61) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य में पैथोलेब संचालन के लिए संचालनकर्ता की क्या योग्यता निर्धारित है ? राज्य में कितने पैथोलेब संचालित हैं ? जिलेवार जानकारी दी जावे ? (ख) उक्त में से कितने लेब के संचालनकर्ता के पास निर्धारित योग्यता नहीं है ? जिलेवार जानकारी दी जावे ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) पैथोलेब संचालन के लिए एम. डी. (पैथोलाजी)/डिप्लोमा इन क्लीनिकल

पैथोलाजी. कुल 892 पैथोलेब. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) कुल 785 पैथोलेब के संचालनकर्त्ता. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार.

## रायगढ़ एवं जशपुर जिलों में एड्स पीड़ितों की जानकारी

12. (*क्र. 281) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में जिला रायगढ़ एवं जशपुर में एड्स जागरूकता एवं नियंत्रण के तहत कुल कितनी-कितनी राशि किन-किन मदों पर व्यय की गई है? (ख) प्रश्नांकित अवधि तक रायगढ़ एवं जशपुर जिले में कुल कितनी-कितनी संख्या में एड्स पॉजिटिव व्यक्ति पाये गये हैं ? जिलेवार एवं विकासखण्डवार जानकारी देवें. (ग) एड्स प्रभावित एवं पॉजिटिव व्यक्तियों के उपचार हेतु इन जिलों में किन-किन स्थानों पर उपचार केन्द्र स्थापित किये गये हैं ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) **:** (क) रायगढ़ जिले में एड्स जागरूकता एवं नियंत्रण के तहत् निम्नानुसार मदों में राशि व्यय की गयी है :—

| वर्ष | वेतनमद | विश्व एड्स दिवस | रक्तदान दिवस | सेन्टीनल साईट सर्वे | जागरूकता अभियान |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 2006-07 | 3,36,831/- | 9500/- | 9080/- | 27985/- | - |
| 2007-08 | 4,09,471/- | 10,000/- | - | 28,452/- | - |

जशपुर जिले में एड्स जागरूकता एवं नियंत्रण के तहत निम्नानुसार मदों में राशि व्यय की गई है :—

| वर्ष | वेतनमद | विश्व एड्स दिवस | रक्तदान दिवस | सेन्टीनल साईट सर्वे | जागरूकता अभियान |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 2006-07 | 21,28,99/- | 9500/- | 20,000/- | 20,000/- | - |
| 2007-08 | 17,18,72/- | 10,000/- | - | 15,000/- | - |

(ख) जानकारी निम्नानुसार है :—

**रायगढ़** प्रश्नांकित अवधि में जिले में वर्ष 2006-07 में 19 तथा वर्ष 2007-08 में 34 एच.आई.वी. पाजिटिव व्यक्ति पाये गये जो विकासखण्डवार निम्नानुसार है :—

| क्र. सं. | विकासखण्ड | 2006-07 | 2007-08 |
|---|---|---|---|
| 1. | बरमकेला | 01 | 01 |
| 2. | सारंगढ़ | 00 | 03 |
| 3. | पुसौर | 02 | 01 |
| 4. | रायगढ़ | 14 | 26 |
| 5. | खरसिया | 00 | 02 |
| 6. | तमनार | 00 | 00 |
| 7. | घरघोड़ा | 02 | 01 |

† परिशिष्ट "चार"

| क्र. सं. | विकासखण्ड | | 2006-07 | 2007-08 |
|---|---|---|---|---|
| 8. | तैलूंगा | | 00 | 00 |
| 9. | धरमजयगढ़ | | 00 | 00 |
| | | योग | 19 | 34 |

### एड्स के मरीज

| क्र. सं. | विकासखण्ड | | 2006-07 | 2007-08 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रायगढ़ | | 00 | 01 |
| | | योग | 00 | 01 |

जशपुर प्रश्नांकित अवधि में जशपुर जिले में वर्ष 2006-07 में 05 तथा वर्ष 2007-08 में 09 एच.आई.वी. पाजिटिव व्यक्ति पाये गये जो विकासखण्डवार निम्नानुसार है :—

| क्र. सं. | विकासखण्ड | | 2006-07 | 2007-08 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जशपुर | | 03 | 07 |
| 2. | फरसाबहार | | 01 | 00 |
| 3. | बगीचा | | 01 | 01 |
| 4. | दुलदुला | | 00 | 01 |
| | | योग | 05 | 09 |

### एड्स के मरीज

| क्र. सं. | विकासखण्ड | | 2006-07 | 2007-08 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जशपुर | | 01 | 02 |
| 2. | फरसाबहार | | 01 | 00 |
| | | योग | 02 | 02 |

(ग) राज्य में केवल डा. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर में एड्स मरीजों के लिये नि:शुल्क उपचार की व्यवस्था उपलब्ध है. रायगढ़ जिले में एड्स उपचार केन्द्र स्थापित नहीं हुआ है, केवल नि:शुल्क परामर्श एवं जांच केन्द्र क्रमश: जिला चिकित्सालय रायगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सारंगढ़, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा में स्थापित है. जशपुर जिले में एड्स उपचार केन्द्र स्थापित नहीं हुआ है, केवल नि:शुल्क परामर्श एवं जांच केन्द्र क्रमश: जिला चिकित्सालय जशपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव में स्थापित है.

### बिलासपुर जिला में नल-जल योजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य

13. (*क्र. 314) **श्री चुरावन मंगेशकर** : क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले में वित्तीय वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में नल-जल योजना अंतर्गत कितने ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों की स्वीकृति

दी गई तथा किन-किन स्थानों में कार्य पूर्ण किया गया है ? (ख) शेष निर्माण कार्य कब तक पूर्ण किये जायेंगे ? विकासखण्ड एवं पंचायतवार जानकारी देवें ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप) : (क) बिलासपुर जिले में वित्तीय वर्ष 2006-07 में 10 ग्राम पंचायतों में 10 नलजल योजना एवं वर्ष 2007-08 में 17 ग्राम पंचायतों में 17 नलजल योजना, कुल 27 ग्राम पंचायतों में 27 नलजल योजनाओं की स्वीकृति दी गई. वर्ष 2006-07 में स्वीकृत 02 योजना ग्राम मानिकचौरी एवं भरौडांड का कार्य पूर्ण किया गया. (ख) निश्चित अवधि बताना संभव नहीं.

## क्षय रोग एवं मलेरिया के नियंत्रण हेतु किए गए उपाय

14. ( *क्र. 473) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्षय रोग (टी.बी.) एवं मलेरिया के नियंत्रण के लिए प्रदेश में 1 अप्रैल, 2007 के बाद कौन-कौन से उपाय किए गए हैं ? (ख) वर्ष 2007-2008 में कंडिका (क) के रोगों से पीड़ित कितने मरीजों का चिन्हांकन हुआ ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) क्षय रोग नियंत्रण के लिए निम्नलिखित उपाय किये गये हैं :—

1. ट्यूबरक्लोसिस यूनिट स्तर एवं पेरिफेरल स्वास्थ्य संस्थाओं में 396 संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति की गई.
2. क्षय रोग से पीड़ित मरीजों की पहचान की गई.
3. सभी मरीजों को डॉट्स केन्द्रों पर नियमित रूप से दवाईयां खिलाई गई.
4. जन साधारण को जानकारी उपलब्ध कराकर जागरूक किया गया.
5. केन्द्र स्तर से प्राप्त दवाईयां नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई.
6. संविदा नियुक्त तथा कार्यक्रम से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया.
7. रायपुर में एक अत्यन्त उच्च श्रेणी की प्रयोगशाला क्षय रोग ईलाज के संबंध में तैयार किया जा रहा है.

मलेरिया रोग नियंत्रण के लिए निम्नलिखित उपाय किये गये हैं :—

1. त्वरित निदान एवं शीघ्र उपचार हेतु पीड़ित व्यक्तियों की रक्त पट्टियां बनाकर उन्हें प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया.
2. कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया.
3. जैविक नियंत्रण के अंतर्गत लार्वा भक्षी गम्बूजिया मछली का पालन एवं वितरण किया गया.
4. दवा संशिक्त मच्छरदानियां वितरित की गई.
5. स्वास्थ्य शिक्षा की योजना पूरे लोक कलाओं के माध्यम से स्वास्थ्य शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया गया.

(ख) वर्ष 2007-2008 में क्षय रोग के 20,496 तथा मलेरिया के 1,45,949 मरीजों का चिन्हांकन किया गया.

## परम्परागत शिल्पी तथा हस्तशिल्पी को शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाएं

15. ( *क्र. 418) **श्री भूपेश बघेल :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) परम्परागत शिल्पी तथा हस्तशिल्पी जैसे कुम्हार, लोहार, बंसोड़, घढ़वा, बुनकर जाति के शिल्पियों को राज्य शासन की ओर से क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की जाती है ? (ख) क्या महानगरों में प्रदर्शनियों में भाग लेने हेतु जाने वाले शिल्पियों को परिवहन भत्ता अथवा अन्य भत्ते दिये जाने का प्रावधान है?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप) : (क) शिल्पियों का पंजीयन किया जाकर उन्हें औजार उपकरण अनुदान, कर्मशाला अनुदान, सहकारी समितियों के माध्यम से आर्थिक सहायता, ब्याज अनुदान, अध्ययन प्रवास, तकनीकी एवं डिजाइन मार्गदर्शन, विपणन सहायता, प्रदर्शनी में नि:शुल्क स्टॉल की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं. (ख) जी हां.

## पाठ्य पुस्तकों से विवादित अंश हटाये जाने विषयक

16. ( *क्र. 482) **मोहम्मद अकबर :** क्या राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007 एवं 2008 में उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित बी.ए. भाग-1 के भूगोल विषय के पाठ्य पुस्तकों से विवादित अंशों को कब-कब हटाने का आदेश किसके-

किसके द्वारा दिया गया है ? (ख) उक्त अंशों के लेखक प्रकाशक कौन-कौन थे ?

**राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) वर्ष 2007 एवं 2008 में उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित बी.ए. भाग-1 के भूगोल विषय के पाठ्य पुस्तकों से विवादित अंशों को हटाने के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के आदेश दिनांक 31-12-2007, 24-1-2008 एवं छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग के आदेश दिनांक 2-2-2008 द्वारा दिया गया है. (ख) उक्त अंशों के लेखक डॉ. चतुर्भुज मामोरिया एवं डॉ. बी. एल. शर्मा तथा प्रकाशक साहित्य भवन पब्लिकेशन, हास्पिटल रोड, आगरा (उ. प्र.) थे.

शौचालय निर्माण में अनियमितता पर कार्यवाही

17. (*क्र. 17) **डॉ. शक्राजीत नायक** : क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि तारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्र. 347) दिनांक 28 नवम्बर, 07 पर अनुपूरक प्रश्न के जवाब में माननीय मंत्री जी के द्वारा दिये गये उत्तर अनुसार शासन ने दोषी सरपंच के विरुद्ध 31-1-2008 तक क्या कार्यवाही की है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सारंगढ़ द्वारा सरपंच के विरुद्ध प्रकरण संधारित कर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है.

दुर्ग जिले में बाजार दर से कम दर पर जमीन रजिस्ट्री करने के लंबित प्रकरण

18. (*क्र. 368) **डॉ. बालमुकुन्द देवांगन** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में बाजार दर से कम दर पर जमीन रजिस्ट्री कराने संबंधी वित्तीय वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 के धारा 47 के कितने प्रकरण लंबित है ? (ख) बाजार दर से कम दर पर रजिस्ट्रेशन करने वाले अधिकारियों पर क्या कार्यवाही की गई ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) जानकारी निम्नानुसार है :—

| वर्ष | धारा 47 के लंबित प्रकरण |
|---|---|
| 2005-06 | 19 |
| 2006-07 | 33 |

(ख) बाजार मूल्य से कम के अंतर की शुल्क राशि दायी व्यक्ति से वसूल की जाती है. कम दर पर रजिस्ट्रेशन किये जाने पर दोषी पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जावेगी.

नल-जल योजना का क्रियान्वयन

19. (*क्र. 391) **श्री ताम्रध्वज साहू** : क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या शासन ने 2000 की आबादी वाले ग्रामों में नल जल योजना लागू करने का निर्णय लिया है ? यदि हां, तो धमधा विधान सभा क्षेत्र के कितने ग्रामों में नल जल योजना लागू की गयी है ? कितने ग्राम शेष है ? (ख) किन-किन ग्रामों में पानी टंकी का निर्माण हो चुका है, कितने ग्रामों में कार्य अपूर्ण है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) जी हां. धमधा विधान सभा क्षेत्र के 13 ग्रामों में नलजल योजना लागू है तथा 17 ग्राम शेष हैं. (ख) धमधा विधान सभा क्षेत्र के 10 ग्राम में टंकी निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, 2 ग्रामों में निर्माण कार्य अपूर्ण है एवं 1 ग्राम में टंकी का कार्य स्वीकृत नहीं है. विवरण † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है.

जांजगीर-चांपा जिले में चिकित्सकों की पदस्थापना

20. (*क्र. 181) **श्री निर्मल सिन्हा** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर जिले में किन-

† परिशिष्ट "पांच"

किन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सकों की पदस्थापना नहीं की गई है ? (ख) चिकित्सकों की पदस्थापना नहीं किये जाने के क्या कारण है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्रमांक | स्वास्थ्य केन्द्र का नाम |
|---|---|
| 1. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सलखन |
| 2. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोटमीसोनार |
| 3. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दल्हापोड़ी |
| 4. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चोरिया |
| 5. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, देवरी |
| 6. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, लवसरा |
| 7. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जर्वे |
| 8. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अड़भार |
| 9. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, धोधरी |
| 10. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सपोस |
| 11. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, देवरपटा |
| 12. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोटमी |
| 13. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिर्रा |
| 14. | सिविल डिस्पेंसरी बाराद्वार |

(ख) प्रदेश में चिकित्सकों की कमी तथा ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सकों के कार्य न करने की रुचि के कारण.

## जिला जांजगीर-चांपा में नल-जल योजना का संचालन

21. ( *क्र. 133) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला जांजगीर-चांपा में वर्ष 2006-2007 एवं 2007-2008 में 31 जनवरी, 2008 तक कुल कितने हैण्डपंप स्वीकृत किये गये एवं इसके विरुद्ध कितने हैण्डपंप प्रारंभ किये गये जा चुके हैं एवं कितने लंबित है ? विधान सभा क्षेत्रवार जानकारी दें ? (ख) जांजगीर-चांपा जिले में किन-किन स्थानों को नल-जल योजना के लिए पात्र पाया गया है एवं किन-किन स्थानों पर संचालित है ? विधान सभा क्षेत्रवार जानकारी दें ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप ) : (क) विधान सभा क्षेत्रवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''अ'' अनुसार. (ख) विधान सभा क्षेत्रवार नलजल योजना के लिये पात्र स्थानों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''ब'' में तथा संचालित योजनाओं की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''स'' अनुसार.

## राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन तथा मलेरिया उन्मूलन हेतु व्यय राशि

22. ( *क्र. 333) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले में वर्ष 2007-08 में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन एवं मलेरिया उन्मूलन के अंतर्गत कुल कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई ? (ख) राशि का उपयोग किन-किन मदों में कितना-कितना किया गया ? (ग) क्या प्रश्नाधीन वर्ष में डी. डी. टी. पावडर का छिड़काव किया गया ? यदि हां, तो कितना व्यय किया गया ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) रायपुर जिले के लिए वर्ष 2007-08 में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के लिए 10,83,51,407.00 एवं मलेरिया उन्मूलन के अन्तर्गत 22,38,666.00 राशि प्राप्त हुई. (ख) † संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ग) जी हां. रुपये 17,04,492.00 व्यय किया गया. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

---

† परिशिष्ट ''छः''

स्वास्थ्य केन्द्रों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के रिक्त पद

23. ( *क्र. 485) **श्री राजकमल सिंघानिया** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर कार्यालय तथा कार्यालय के अधीनस्थ विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कर्मचारियों एवं अधिकारियों के कितने पद रिक्त हैं ? पदनाम सहित जानकारी देवें. (ख) रिक्त पदों पर कब तक नियुक्ति की जायेगी ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) कर्मचारियों के पद 302 एवं अधिकारियों के 85 पद रिक्त हैं. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार. (ख) यथासंभव शीघ्र. निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं.

नवीन शासकीय महाविद्यालय प्रारम्भ किए जाने संबंधी

24. ( *क्र. 62) **श्री सियाराम कौशिक** : क्या राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नवीन शासकीय महाविद्यालय प्रारम्भ किए जाने बाबत कितनी जनसंख्या तथा कितनी दूरी का प्रावधान लागू है ? (ख) बिल्हा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कितने शासकीय महाविद्यालय कहां-कहां संचालित हैं ?

**राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) नवीन शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ करने के लिए पृथक से कोई नियम नहीं है. विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) बिल्हा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत एक मात्र शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा संचालित है.

स्वास्थ्य विभाग में संविदा एवं नियमित नियुक्तियों की जानकारी

25. ( *क्र. 292) **श्री नंदकुमार पटेल** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2006-07 से 2007-08 तक स्वास्थ्य विभाग में संविदा एवं नियमित नियुक्तियां किन-किन पदों पर, कितनी-कितनी संख्या में की गई ? (ख) क्या संविदा आधार पर भर्ती कर्मचारियों की प्रतिवर्ष सेवा के पश्चात् नियुक्ति निरस्त भी की गई है ? (ग) यदि हां, तो भर्ती निरस्त किये जाने का क्या कारण है ? लम्बित रिक्तियों पर पुन: नियुक्ति कब तक कर ली जायेगी ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल ) : (क) †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) जी हां. (ग) अनियमित नियुक्ति, अर्हता पूर्ण न करने के कारण. यथासंभव शीघ्र.

------------

† परिशिष्ट "सात"

†† परिशिष्ट "आठ"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 1 (क्र. 448) की जानकारी ]

**नगर पंचायत कोटा को वर्ष 2006-07 में प्रदत्त राशि**

| क्र. (1) | मद का नाम (2) | राशि जारी करने का आदेश दिनांक (3) | कुल प्रदत्त राशि (लाखों में) (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | अधोसंरचना विकास कार्य | 23-08-06 | 20.00 |
| 2. | अधोसंरचना विकास कार्य | 05-01-07 | 22.00 |
| 3. | गौरव पथ योजना | 05-01-07 | 41.20 |
| 4. | नाली निर्माण योजना | 05-01-07 | 20.06 |
| 5. | आदिवासी उपयोजना अंतर्गत झुग्गी झोपड़ी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधा. | 24-03-07 | 8.79 |
| 6. | आदिवासी उपयोजना अंतर्गत झुग्गी झोपड़ी क्षेत्रों में पेयजल शौचालय व्यवस्था हेतु. | 24-03-07 | 4.39 |
| 7. | पेयजल संकट निवारण हेतु | 24-03-07 | 5.00 |
| 8. | अधोसंरचना विकास हेतु | 26-03-07 | 5.00 |
| 9. | मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत दुकान एवं चबूतरा निर्माण. | 09-05-06 | 1.22 |
| 10. | मुक्तिधाम निर्माण हेतु द्वितीय किश्त राशि | 27-11-06 | 4.00 |
| 11. | नियमित चुंगी क्षतिपूर्ति | मासिक | 43.56 |
| 12. | नियमित यात्रीकर | मासिक | 3.08 |
| 13. | मुद्रांक शुल्क (2003-04) | 13-06-06 | 0.63 |
| 14. | मुद्रांक शुल्क (2004-05) | 13-06-06 | 0.82 |
| | | कुल योग | 179.75 |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्र. 132) के भाग (ख) की जानकारी ]

| क्र. (1) | शासकीय चिकित्सालय का नाम (2) | स्वीकृत पदनाम (3) | स्वीकृत (4) | कार्यरत (5) | रिक्त (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 100 बिस्तरीय बैरिस्टर डा. छेदीलाल जिला चिकित्सालय, जांजगीर. | सिविल सर्जन (विशेषज्ञ सह अधीक्षक) | 1 | 1 | - |
| | | मेडिकल विशेषज्ञ | 1 | 1 | - |
| | | सर्जिकल विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | शिशु रोग विशेषज्ञ | 1 | 1 | - |
| | | स्त्री रोग विशेषज्ञ | 1 | 2 | - |
| | | निश्चेतना विशेषज्ञ | 1 | 1 | - |
| | | नेत्र रोग विशेषज्ञ | 1 | 1 | - |
| | | रेडियोलॉजिस्ट | 1 | - | 1 |
| | | पैथालॉजिस्ट | 1 | - | 1 |
| | | नाक, कान, गला विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | अस्थि रोग विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | मनोरोग विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| 2. | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती | मेडिसिन विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | सर्जरी विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | स्त्री रोग विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | शिशु रोग विशेषज्ञ | 1 | 1 | - |
| 3. | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा | मेडिसिन विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | सर्जरी विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | स्त्री रोग विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | शिशु रोग विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| 4. | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर | मेडिसिन विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | सर्जरी विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | स्त्री रोग विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | शिशु रोग विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| 5. | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा | मेडिसिन विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | सर्जरी विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | स्त्री रोग विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | शिशु रोग विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| 6. | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह | मेडिसिन विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | सर्जरी विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | स्त्री रोग विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | शिशु रोग विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| 7. | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरौद | मेडिसिन विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | सर्जरी विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | स्त्री रोग विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | शिशु रोग विशेषज्ञ | 1 | - | - |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8. | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालखरौदा | मेडिसिन विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | सर्जरी विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | स्त्री रोग विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | शिशु रोग विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| 9. | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा | मेडिसिन विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | सर्जरी विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | स्त्री रोग विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |
| | | शिशु रोग विशेषज्ञ | 1 | - | 1 |

## परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 5 (क्र. 474) के भाग (क) की जानकारी ]

**जे. एन. एन. यू. आर. एम. (जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन) योजना अंतर्गत स्वीकृत आवास संख्या एवं राशि**

(राशि लाख रु. में)

| क्र. (1) | निकाय का नाम (2) | आवास संख्या (3) | स्वीकृत योजना राशि (4) |
|---|---|---|---|
| **अ. बी. एस. यू. पी. योजना** | | | |
| 1. | रायपुर | 27976 | 39145.00 |
| **ब. आई. एच. एस. डी. पी.** | | | |
| 1. | बिलासपुर | 7,836 | 9,718.120 |
| 2. | दुर्ग | 1638 | 1814.104 |
| 3. | रायगढ़ | 1312 | 1593.360 |
| 4. | भिलाई | 1168 | 1215.760 |
| 5. | जगदलपुर | 880 | 901.550 |
| 6. | भाटापारा | 450 | 498.000 |
| 7. | कुम्हारी | 320 | 340.000 |
| 8. | जामुल | 228 | 295.170 |
| 9. | बालोद | 200 | 258.270 |
| 10. | डोंगरगढ़ | 200 | 258.280 |
| 11. | बेमेतरा | 200 | 258.280 |
| 12. | अभनपुर | 210 | 260.680 |
| 13. | कुरूद | 204 | 238.410 |
| | **योग** | **14846** | **17649.894** |

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 61) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

| क्रमांक | जिले का नाम | कुल संचालित पैथोलेब | अयोग्यताधारक संचालकों की संख्या |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | जगदलपुर | 31 | 22 |
| 2. | बिलासपुर | 128 | 111 |
| 3. | दंतेवाड़ा | 21 | 21 |
| 4. | धमतरी | 22 | 19 |
| 5. | दुर्ग | 122 | 103 |
| 6. | जांजगीर | 41 | 41 |
| 7. | जशपुर | 22 | 22 |
| 8. | कांकेर | 30 | 30 |
| 9. | कवर्धा | 47 | 47 |
| 10. | कोरबा | 44 | 40 |
| 11. | कोरिया | 60 | 59 |
| 12. | महासमुंद | 30 | 30 |
| 13. | रायगढ़ | 42 | 30 |
| 14. | रायपुर | 126 | 97 |
| 15. | राजनांदगांव | 55 | 54 |
| 16. | सरगुजा | 71 | 59 |
| | कुल | 892 | 785 |

परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्र. 391) के भाग (क) की जानकारी ]

**धमधा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत टंकी आधारित स्वीकृत नलजल प्रदाय योजना में टंकी निर्माण की स्थिति**

| क्र. | ग्राम का नाम | विकासखण्ड | वर्ष 2001 के अनुसार जनसंख्या | टंकी निर्माण की स्थिति पूर्ण/अपूर्ण |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | बरहापुर | धमधा | 2265 | टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण. |
| 2. | कोड़िया | धमधा | 2775 | --तदैव-- |
| 3. | मेड़ेसरा | धमधा | 2808 | --तदैव-- |
| 4. | नंदनी खुंदनी | धमधा | 3684 | --तदैव-- |
| 5. | कपसदा | धमधा | 2518 | --तदैव-- |
| 6. | धौर | दुर्ग | 3482 | --तदैव-- |
| 7. | करंजा भिलाई | दुर्ग | 3196 | --तदैव-- |
| 8. | जेवरा | दुर्ग | 3179 | --तदैव-- |
| 9. | नगपुरा | दुर्ग | 3914 | --तदैव-- |
| 10. | सिरसाखुर्द | दुर्ग | 4653 | --तदैव-- |
| 11. | ननकट्ठी | दुर्ग | 3779 | निविदा प्राप्त |
| 12. | चिखली | दुर्ग | 2435 | टंकी निर्माण का कार्यादेश क्र. 4212/ दिनांक 27-11-2007 द्वारा प्रदाय. |
| 13. | भेंड़सर | दुर्ग | 3430 | योजना में टंकी निर्माण का कार्य स्वीकृत नहीं था. सीधे पंपिंग द्वारा जलप्रदाय किया जा रहा है. |

## परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 22 (क्र. 333) के भाग (ख) की जानकारी ]

| क्र. | राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन | | मलेरिया | |
|---|---|---|---|---|
| | मदवार | कुल व्यय | मदवार | कुल व्यय |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | मितानिन दवापेटी | 5878499 | डी. डी. टी. छिड़काव मजदूरी भुगतान | 475826 |
| 2. | ए. एन. एम. ड्रग किट, किट-ए, किट-बी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-किट. | 6267269 | नान ई. एम. सी. पी. विकासखण्ड में डी. डी. टी. छिड़काव हेतु. | 1228666 |
| | | | योग | 1704492 |
| 3. | एच. एम. आई. एस. | 361696 | | |
| 4. | डी. पी. एम. यू. वेतन | 217756 | एम. एल. व्ही. का भुगतान | 453000 |
| 5. | जननी सुरक्षा योजना | 11342500 | | |
| 6. | परिवार कल्याण कार्यक्रम | 7836596 | | |
| 7. | उप स्वास्थ्य केंद्र सुदृढ़ीकरण | 100000 | | |
| 8. | आर. सी. एच. कैम्प-गैर आदिवासी विकासखण्ड. | 399743 | | |
| 9. | किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम (विकासखण्ड स्तरीय). | 357452 | | |
| 10. | 24 घंटे एफ. आर. यू. प्रोत्साहन | 36000 | | |
| 11. | पी. एन. डी. टी. एक्ट का क्रियान्वयन | 10000 | | |
| 12. | मितानिन चयन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम | 7500 | | |
| 13. | मुख्यमंत्री स्वस्थ पंचायत योजना | 25000 | | |
| 14. | मुख्यमंत्री स्वस्थ पंचायत योजना के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह. | 1000 | | |
| 15. | टीकाकरण सुदृढ़ीकरण | 1947314 | | |
| 16. | पल्स पोलियो कार्यक्रम | 1205999 | | |
| 17. | उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण | 4180593 | | |
| 18. | यूनिसेफ शिशु संरक्षण माह | 184306 | | |
| | **कुल व्यय** | **40359223** | | **2157492** |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 24 (क्र. 62) के भाग (क) की जानकारी ]

**विषय :-** नवीन शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ किये जाने संबंधी.

छत्तीसगढ़ राज्य में नये महाविद्यालय स्थापित करने हेतु संचालनालय उच्च शिक्षा के गठित समिति के द्वारा निम्नलिखित मापदंड निर्धारित किये गये हैं :-

1. पूर्व से संचालित शासकीय महाविद्यालय से 25 कि. मी. की दूरी पर हो.

2. विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड मुख्यालय में नये महाविद्यालय खोला जाये.

3. नये महाविद्यालय हेतु पोषक शालाएं एवं प्रस्तावित पाठ्यक्रम हेतु छात्र संख्या पर्याप्त रूप से उपलब्ध हो.

4. प्रस्तावित महाविद्यालय में पहुंच मार्ग एवं पर्याप्त यातायात उपलब्ध हो.

5. प्रस्तावित महाविद्यालय स्थल में पुलिस चौकी एवं दूरभाष की सुव्यवस्था मौजूद हो.

6. प्रस्तावित महाविद्यालय की अधोसंरचना में विशेष रूप से ई-क्लास रूम, कम्प्यूटर कक्ष का प्रावधान किया जावे एवं छात्र-छात्राओं के पूर्ण विकास के लिये एन. सी. सी./ एन. एस. एस. व क्रीड़ा संबंधी पर्याप्त सुविधा और साधन का प्रावधान एवं पृथक से छात्राओं के लिए कॉमन रूम एवं प्रसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये.

7. नये महाविद्यालय भवन हेतु 15 एकड़ भूमि हो जिसमें खेल मैदान एवं स्टॉफ क्वार्टर का प्रावधान भी सुनिश्चित किया जाये.

परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 25 (क्र. 292) के भाग (क) की जानकारी ]

**संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के अंतर्गत वर्ष 2006-07 से वर्ष 2007-08 तक की गई नियुक्तियों की जानकारी**

| क्रमांक (1) | पदनाम (2) | संविदा (3) | नियमित (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | चिकित्सक | 327 | 498 |
| 2. | स्टाफ नर्स | 62 | - |
| 3. | लेब टेकनीशियन | 81 | - |
| 4. | नेत्र सहायक | 120 | - |
| 5. | एम. पी. डब्ल्यू. महिला | 974 | 220 |
| 6. | तृतीय श्रेणी | - | 19 |
| 7. | चतुर्थ श्रेणी | 110 | 211 |
| 8. | रेडियोग्राफर | 16 | - |
| 9. | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 85 | 118 |
| 10. | एम. पी. डब्ल्यू. पुरुष | 227 | 21 |
| 11. | वाहन चालक | 29 | 1 |
| 12. | ड्रेसर | - | 18 |

### वर्ष 2006-07 से 2007-2008 तक संचालनालय चिकित्सा शिक्षा के अंतर्गत संविदा एवं नियमित नियुक्तियों की सूची

| क्र. | पदनाम | संविदा नियुक्ति | | नियमित नियुक्ति | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2006-07 | 2007-08 | 2006-07 | 2007-08 |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर** | | | | | |
| 1. | सह-प्राध्यापक | 01 | 02 | - | - |
| 2. | सहायक प्राध्यापक | 24 | 30 | - | - |
| 3. | प्रदर्शक | - | 13 | - | - |
| 4. | रजिस्ट्रार | - | 07 | - | - |
| 5. | स्पीच थेरेपिस्ट | 01 | - | - | - |
| 6. | सहायक ग्रेड-3 | - | - | 07 (बैकलाग) | - |
| **चिकित्सा महाविद्यालय, जगदलपुर** | | | | | |
| 1. | प्राध्यापक | 04 | - | - | - |
| 2. | सहायक प्राध्यापक | 40 | - | - | - |
| 3. | सह प्राध्यापक | 05 | - | - | - |
| 4. | डिमांस्ट्रेटर | 14 | - | - | - |
| 5. | सहायक वर्ग-3 | 01 | - | 06 | - |
| 6. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 01 | - | 01 | - |
| 7. | लेब अटेण्डेंट | 12 | - | - | - |
| 8. | भृत्य | 01 | - | 01 | - |
| **चिकित्सा महाविद्यालय, चिकित्सालय जगदलपुर** | | | | | |
| 1. | स्टाफ नर्स | 45 | - | - | - |
| **शासकीय बी. एस. सी. नर्सिंग महाविद्यालय, रायपुर** | | | | | |
| 1. | लाइब्रेरियन | - | 01 | - | - |
| 2. | सहायक ग्रेड-3 | - | 01 | - | - |
| **शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर** | | | | | |
| 1. | व्याख्याता | 05 | 18 | 02 | - |
| 2. | स्टाफ नर्स | 01 | 04 | - | - |
| 3. | डेंटल हाईजिनिस्ट | 02 | 02 | - | - |
| 4. | डेंटल मैकेनिक | 01 | - | - | - |
| 5. | लेब असिस्टेंट | 06 | - | - | - |
| 6. | आर्टिस्ट | 01 | - | - | - |
| 7. | फोटोग्राफर | 01 | - | - | - |
| 8. | स्वीपर | 04 | - | - | - |
| 9. | वाहन चालक | - | - | 02 | - |
| 10. | प्राचार्य | - | 01 | - | - |
| 11. | प्राध्यापक | - | 05 | - | - |
| 12. | रीडर | - | 08 | - | - |
| 13. | डेंटल सर्जन | - | 01 | - | - |
| 14. | हिस्टो पैथालॉजी | - | 01 | - | - |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 15. | पलम्बर कम मैकेनिक | - | 01 | - | - |
| 16. | रिकार्ड कीपर | - | 01 | - | - |
| 17. | स्टोर क्लर्क | - | 03 | - | - |
| 18. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | - | 01 | - | - |
| 19. | जूनियर इंजिनियर इलेक्ट्रिकल्स | - | 01 | - | - |
| 20. | इलेक्ट्रिशियन | - | 01 | - | - |

**डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर**

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्टेरलाइजेशन टेकिनकल असिस्टेंट | 06 | - | - | - |
| 2. | ओ. टी. सुपरवाईजर | 02 | - | - | - |
| 3. | ओ. टी. टेकिनशियन | 04 | - | - | - |
| 4. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 01 | 02 | - | - |
| 5. | एक्स-रे असिस्टेंट | 01 | - | - | - |
| 6. | लिफ्ट अटेण्डेंट | 13 | 04 | - | - |
| 7. | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 06 | 01 | - | - |
| 8. | दाई | 02 | - | - | - |
| 9. | बिल्डिंग केयर टेकर | 01 | - | - | - |
| 10. | ड्रेसर थियेटर | 03 | - | - | - |
| 11. | पैथोलॉजी टेक्निशियन | 01 | - | - | - |
| 12. | स्वीपर | 04 | - | - | - |
| 13. | टेलिफोन अटेण्डेंट | 01 | - | - | - |
| 14. | वर्डब्वाय/आया | 03 | 29 | - | - |
| 15. | पैथोलाजी बायोकेमिस्ट | - | 01 | - | - |
| 16. | डायलसिस टेक्निशियन | - | 01 | - | - |
| 17. | स्टाफ नर्स | - | 13 | - | - |
| 18. | बढ़ई | - | 01 | - | - |
| 19. | वर्कशॉप अटेण्डेंट | - | 04 | - | - |
| 20. | प्लम्बर मेंशन | - | 02 | - | - |
| 21. | मेस सर्वेन्ट | - | 03 | - | - |
| 22. | स्ट्रेचर बेयरर | - | 09 | - | - |
| 23. | स्टरलाईजेशन अटेण्डेंट | - | 02 | - | - |
| 24. | प्रोजेक्टनिस्ट | - | 01 | - | - |

### वर्ष 2006-07 से 2007-08 तक संचालनालय, भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी के अंतर्गत संविदा एवं नियमित नियुक्तियों की सूची

| क्रमांक (1) | पदनाम (2) | संविदा (3) | नियमित (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी | 151 | 02 |
| 2. | होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी | 04 | - |
| 3. | सहायक ग्रेड-3 | - | 01 |
| 4. | लेब असिस्टेंट | - | 03 |
| 5. | औषधालय सेवक | - | 19 |
| 6. | स्वास्थ्य कार्यकर्ता | - | 02 |
| 7. | क्लीनर | - | 01 |

**वर्ष 2006-07 से 2007-08 तक नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन अंतर्गत संविदा एवं नियमित नियुक्तियों की सूची**

| क्र. (1) | पदनाम (2) | संविदा (3) | नियमित (4) | रिमार्क (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | खाद्य निरीक्षक | 03 | - | संविदा नियुक्त 03 खाद्य निरीक्षको में से 02 खाद्य निरीक्षक कार्य पर उपस्थित हुये तथा 01 खाद्य निरीक्षक उपस्थित नहीं हुआ. |